'ओडीओपी' प्रॉजेक्ट तैयार करें कृषि विवि

एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा है कि वे 'ओडीओपी' की तर्ज पर 'एक जिला, एक फसल' प्रॉजेक्ट तैयार करें। साथ ही उन विद्यार्थियों को खेती से सीधे जोड़ें, जिनके पास खेती योग्य भूमि है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थी अपना व्यवसाय कर दूसरों को भी नौकरी दे सकेंगे।

राज्यपाल ने गुरुवार को कृषि विभाग के साथ कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से जैविक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रमुख सचिव (कृषि) अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के सभी मंडलों में किसानों को जैविक उत्पाद बेचने के लिए मंडियों में एक स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा।